4 बड़ा सर्व सुविधा युक्त बैडमिंटन ग्राउण्ड बनेगा –आयुक्त ने किया स्थल निरीक्षण

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के चारो जोन में बनेगा व्यवस्थित, सुसज्जित बैडमिंटन ग्राउण्ड। निर्माणाधीन बैडमिंटन ग्राउण्ड के स्थल का निरीक्षण करने आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा एवं निर्माणकर्ता एजेंसी के साथ पहुंचे। निर्माण के दौरान क्या–क्या बनाया जाएगा। किस प्रकार की सुविधा होगी आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त किये। विनीता वर्मा द्वारा बताया गया कि बैडमिंटन ग्राउण्ड में स्टोट्रफ्स, चारो तरफ फैसिंग, नायलोन नेट, एलईडी फ्लड लाईट लगेगा। जिसमें खिलाड़ी खेलेगे, प्रेक्टिस करेगे। बैडमिंटन ग्राउण्ड मल्टीपरपज होगा, आवश्यकता के अनुसार खिलाड़ी नेट बाल, बैट प्रेक्टिस फुटबाल आदि कर सकेगें। चारो तरफ नेट लगाया जाएगा, इससे बाल या बैडमिंटन का कौग इत्यादि बाहर नहीं जायेगा। अच्छे ढंग से प्रेक्टिस होगा, एलईडी लाईट लग जाने से रात्रि में भी दिन जैसा उजाला होगा। नगर पालिक निगम भिलाई में महापौर परिषद की बैठक में 4 जोन क्षेत्र में बैडमिंटन ग्राउण्ड का निर्माण कराये जाने हेतु प्रकरण विचारार्थ रखा गया था। जिसे परिषद के सदस्यों ने उक्त कार्य कराये जाने की सर्व सम्मति से संकल्प पारित किया था। उसी के आधार पर खेल मैदान का निर्माण किया जा रहा है। जो इस प्रकार से जोन–1 नेहरू नगर वार्ड क्रं. 05 में वाहन शाखा के उत्तर दिशा में नेशनल हाईवे के समीप निगम की रिक्त भूमि, जोन–2 वैशाली नगर वार्ड क्रं. 24 हाउसिंग बोर्ड स्टेडियम के पीछे सियान सदन के बगल में रिक्त भूमि, जोन–3 मदर टेरेसा नगर वार्ड क्रं. 56 निगम द्वारा निर्मित घासीदास उद्यान के अंदर सेक्टर 2 एवन्यू सी रोड पर एवं जोन–4 शिवाजी नगर खुर्सीपार वार्ड क्रं. 49 श्री राम चौंक खेल मैदान के अंदर पूर्व दिशा के किनारे बैडमिंटन ग्राउण्ड निर्माण किया जायेगा। आयुक्त पाण्डेय ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियो को कहा कि जो भी निर्माण किया जाये। यह ध्यान दिया जाये कि वह सभी प्रकार से उपयोगी हो अधिक से अधिक लोग उसका लाभ लें। स्थानीय खिलाड़ियो को जोड़कर उसकी समिति बनाया जाये, उनसे भी मार्ग दर्शन एवं सहयोग लिया जाये। जिससे उनको लगे कि यह हम लोगो के उपयोग के लिए ही बनाया जा रहा है, इसकी सुरक्षा भी हमे ही करना है। निरीक्षण के दौरान उपअभियंता अर्पित बंजारे, श्वेता वर्मा, जनसम्पर्क अधिकारी अजय कुमार शुक्ला उपस्थित रहे।